तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 17.8 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025

14 रेहड़ियों का कचरा नगर निगम करेगा संग्रहित

14 कर्म कल्याणी सोसायटी ने मनाया करवा चौथ पर्व

खबर संक्षेप

किसानों ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नारनौंद। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रणधीर मिलकपुर की अगुवाई में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम विकास यादव से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने अपनी कई गंभीर समस्याओं से प्रशासन को अवगत करवाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। यूनियन ने साफ चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगा।

पूरे विधि विधान से तिरुपति धाम में ब्रह्मोत्सव शुरू

हिसार। श्री तिरुपति बालाजी धाम में सात दिवसीय ब्रह्मोत्सव पूरे विधि विधान के साथ शुरू हुआ। मृदाहरण व अंकुरारोपण का विधान पूरा करने के साथ ही विष्वक्सेन जी द्वारा मार्गावलोकन की परंपरा का निर्वहन किया गया। ब्रह्मोत्सव का शुभारंभ अन्नत श्री विभूषित नारायणाचार्य जी महाराज के सान्निध्य व मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर रघुबीर गोयल, राजीव बंसल, प्रमोद गोयल, रामनिवास अग्रवाल सीए, रोशनलाल गोयल व अनिल बिंदल सहित काफी संख्या में ट्रस्टीगण व सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्ण कोठी की सवारी भी निकाली गई।

अग्रवंशी महिला समिति का दिवाली मेला 11 को

हिसार। अग्रवंशी महिला समिति की बैठक समिति की प्रधान साधना गोयंका की अध्यक्षता में हुई जिसमें 11 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक अग्रसेन भवन में भव्य दिवाली मेला लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि दिवाली मेले में विभिन्न प्रकार की स्टालों के साथ, बच्चों के लिए गेम शो, खाने-पीने की स्टालों के अलावा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। बच्चों का डांस, मां-बेटी का कंपटीशन, पेंटिंग कंपटीशन सहित अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मारपीट करने व मोबाइल छीनने पर एक गिरफ्तार

हिसार। अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने मारपीट, धमकी देने एवं मोबाइल छीनने के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांव बुगाना निवासी सचिन ने बताया कि उसके भाई सौरभ का धिकताना निवासी अमन व रोहित से पैसों का लेन-देन चल रहा था। अमन ने करीब 27 हजार उधार लिए थे और एक मोबाइल फोन भी किस्तों पर लिया था। सचिन मोटरसाइकिल पर बहबलपुर से घर लौट रहा था तो अमन और रोहित ने उसका रास्ता रोककर मारपीट की और मोबाइल फोन छीन लिया।

जींद की युवती से दुष्कर्म का मामला दर्ज

नारनौंद। बास क्षेत्र में जींद की एक युवती से रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर बास थाना पुलिस ने आरोपी नसीब के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह जींद जिले की रहने वाली है। गत दिवस बास क्षेत्र के एक गांव का नसीब उसे बहला-फुसलाकर अपनी मोटरसाइकिल पर अपने घर ले गया। आरोप है कि नसीब ने अपने घर में उसके साथ जबरदस्ती रेप किया।

दुकान से नकदी चोरी करने वाला गिरफ्तार

बरवाला। पुलिस ने चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए दुकान में चोरी के आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने उससे 34 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। गांव बनभौरी निवासी सुभाष ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार रात को उसका पुत्र यश दुकान पर मौजूद था। उसी दौरान उसका परिचित गांव का ही विशाल दुकान पर आया और बातचीत के बहाने मोबाइल लिया, जिससे उसने अपने मोबाइल में 4 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए।

नवनियुक्त पटवारियों का लघु सचिवालय के सामने प्रदर्शन

पटवारी लगे तो घरवाले खुश हुए, अब नहीं मिल रहा वेतन

प्रदेश सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

सीएम ने 7 जनवरी को चंडीगढ़ में बुलाया और कार्यक्रम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मुख्यमंत्री का वादा पूरा न होने के रोषस्वरूप दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के बैनर तले नवनियुक्त पटवारियों ने जिले के लघु सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया और धरना दिया। पटवारियों ने दोहराया कि मुख्यमंत्री अपना वादा पूरा करें। वादा पूरा न होने के रोषस्वरूप प्रदेश के 2605 नवनियुक्त पटवारियों ने जिलावाइज लघु सचिवालयों के समक्ष धरने दिए। हिसार जिले के 255 पटवारियों ने गुरुवार को लघु सचिवालय के समक्ष धरना देकर रोष जताया। एसोसिएशन के महासचिव सन्नी दहिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस वर्ष 7 जनवरी को चंडीगढ़ में बुलाकर हमारा कार्यक्रम किया था। हमसे वादे किए गए थे मगर एक भी वादा 10 महीने बीत जाने पर भी पूरा नहीं किया गया है। इससे पटवारियों में गुस्सा है। इसको लेकर पटवारी नाराज हैं और काम छोड़ एक दिन का प्रदर्शन कर रहे हैं।

काम छोड़ कर जिले के 255 पटवारियों ने रोषस्वरूप एक दिवसीय प्रदर्शन किया

हिसार। लघु सचिवालय के समक्ष धरना देते पटवारी। *फोटो : हरिभूमि*

वेतन की बजाय दे रहे स्टाईफंड

पटवारियों ने कहा कि दूसरे महकमों की तरह अंडर ट्रेनिंग पटवारियों को भी बेसिक वेतन दिया जाना चाहिए। सरकार ने इस बात को कबूला भी था और कहा था कि ट्रेनिंग के दौरान पूरा वेतन मिलेगा मगर आज तक स्टाईफंड ही दिया जा रहा है। स्टाईफंड के नाम पर केवल 10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। पटवारियों ने मुख्यमंत्री को अपना पिछला किया वादा याद दिलाया और कहा कि उनकी जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

10 महीने बाद भी वेतन नहीं मिला

नवनियुक्त पटवारियों ने कहा कि जब हम पटवारी बने थे तो पूरा परिवार खुश हुआ था और तरह-तरह के सपने संजोए थे। उन्होंने कहा था कि सीएम ने घोषणा की थी पटवारी जो आज से जॉइन कर लेगा उसे सैलरी दी जाएगी न कि स्टाईफंड दिया जाएगा। मगर 10 महीने बाद भी सैलरी नहीं दे रही। सरकार को कम से कम इनका बेसिक 32 हजार रुपए और भत्ता देना चाहिए मगर सरकार आज तक अंडर ट्रेनिंग पटवारियों पर फैसला नहीं कर पाई है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि इनकी ट्रेनिंग को सर्विस में काउंट किया जाएगा आज तक उस पर कोई काम सरकार ने नहीं किया है।

मांगों पर नहीं हो रही कार्रवाई

- आजाद नगर पीटीएस पटवार खाने में चल रही ट्रेनिंग
- कानूनगो का काम भी हमसे करवाया जा रहा : रेड्डू

पटवारी राजपाल रेड्डू ने बताया कि आजाद नगर पीटीएस पटवार खाने में उनकी ट्रेनिंग चल रही है। हमारी जो मांगे हैं उन पर कार्रवाई नहीं हुई है। जितने काम होते हैं हम करते हैं। गिरदावरी से लेकर जो काम एक पटवारी के होते हैं वो काम हम करते हैं। कानूनगो का काम भी हमसे करवाया जा रहा है। मगर स्टाईफंड के 10 हजार रुपये मिल रहे हैं। इसी तरह शशीकांत पटवारी ने बताया कि सरकार हम से काम पूरा ले रही है और महज स्टाईफंड दिया जा रहा है और वो भी टाइम पर नहीं आ रहा।

हिसार। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त अनीश यादव।

समाधान शिविर में सुनीं जन शिकायतें

डीसी से सीवरेज समस्या के समाधान की गुहार

- अधिकारियों को शिकायतों के समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त अनीश यादव ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ गुरुवार को समाधान शिविर के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना। नागरिकों की अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान किया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

समाधान शिविर में गांव पंघाल निवासी छबील दास की खेत से पानी निकलवाने व गांव कुंभा खेड़ा निवासी सतीश कुमार द्वारा स्थाई रूप से खाल खुलवाने की मांग पर उपायुक्त अनीश यादव ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को उचित कार्रवाई करते हुए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। वहीं शास्त्री नगर निवासी रामनिवास द्वारा गली में सीवरेज पानी निकालने की मांग समाधान शिविर में प्राप्त हुई।

ये रहे उपस्थित

ग्राम पंचायत खानपुर द्वारा हिसार से घिराय जाने वाली बस का रूट खानपुर-सिंधड़ तक बढ़वाने की मांग पर उपायुक्त ने महाप्रबंधक रोडवेज को विभागीय कार्यवाही करते हुए मामले का उचित समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

किसान बर्बादी के कगार पर : गर्ग

- हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने किया अनाजमंडी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने अपने अनाज मंडी के दौरे के दौरान मंडी में बाजरा व धान खरीद का जायजा लिया। बजरंग गर्ग ने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही के कारण किसानों का करोड़ों रुपये का धान व बाजरा बारिश के कारण गिला हो गया है। इसके कारण किसानों का बड़ा भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद सरकार ने धान व बाजरा खरीद, उठान व रख-रखाव की तरफ ध्यान ना देने से किसानों में बड़ा भारी रोष है। सरकार को किसान की धान खरीद पर 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देना चाहिए।

हिसार। बाजरा खरीद का जायजा लेते व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अनाज मंडी प्रधान राम अवतार गोयल, संजय गोयल, जगदीश गोदारा, संजय नागपाल, अस्पताल प्रधान अनिल जैन, अनिल भाटिया, अनूप सिंह बिजला, वजीर सिंह, हनुमान गर्ग, व्यापार मंडल के प्रदेश युवा प्रभारी राहुल गर्ग, निरंजन गोयल आदि व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

डॉ. कलाम का जीवन प्रेरणा का स्रोत : गोयल

- ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय टैलेंट हंट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती को विश्व स्टूडेंट्स दिवस के रूप में मनाते हुए ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय टैलेंट हंट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों की अर्धवार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, यह उत्सव 8 और 9 अक्टूबर को ही आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य डॉ. कलाम के 'सपने देखो और उन्हें पूरा करो' के संदेश को छात्रों के बीच प्रसारित करना था। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। चांसलर डॉ. पुनीत गोयल ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. कलाम का जीवन प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने जोर दिया कि विश्वविद्यालय सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने और उन्हें एक आत्मविश्वास से भरा व्यक्तित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विजेता छात्रों को बधाई दी और अन्य प्रतिभागियों को भी लगातार प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

हिसार। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करती ओएसजीयू की प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

पुरस्कृत किया

इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस सफल आयोजन का सम्पूर्ण प्रबंधन डीन डॉ. कुलदीप और डीन डॉ. रेणु शर्मा ने संभाला। सांस्कृतिक गतिविधियों को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने में कल्चलर कोऑर्डिनेटर डॉ. नीना शर्मा का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता के अंत में विजेता प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

युवाओं को समाजसेवा से जोड़ता है एनएसएस

- हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ, 17 प्रदेशों के 200 स्वयंसेवक ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न 17 राज्यों से 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं तथा शिविर का थीम 'यूथ फॉर माई भारत' रखा गया है। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने का एक अटूट माध्यम है। युवाओं के व्यक्तित्व विकास में एनएसएस की अहम भूमिका होती है। भारत एक युवाओं का देश है। देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब भारत का युवा जागरूक होगा। एनएसएस युवाओं को समाज सेवा के महत्व, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज के कमजोर वर्ग की मदद तथा शारीरिक व मानसिक विकास की तैयारी पर जोर देता है।

हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज एवं अन्य अधिकारी।

ये रहे मौजूद

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि शिविर में लघु भारत को दर्शाते हुए 17 राज्यों से 200 स्वयंसेवक भाग ले रहें हैं जिनमें कर्नाटक, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व हरियाणा राज्य शामिल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर डागर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भी मौजूद रहे।

समाधान शिविर में लगा लोगों की समस्याओं का अंबार

- शिविर में एसडीएम राजेश और तहसीलदार ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

उपमंडल परिसर में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का अंबार लग गया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने फैमिली आईडी में आय सुधार, जलभराव से क्षतिग्रस्त मकानों के मुआवजे, पंचायत भूमि पर अतिक्रमण जैसी शिकायतें दर्ज कराई। शिविर में एसडीएम राजेश खोथ और तहसीलदार अनिल बिढ़ान मौजूद रहे। उन्होंने जनता की शिकायतें सुनी और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में फैमिली आईडी में आय सुधार से संबंधित लगभग तीन शिकायतें सामने आईं।

पंचायती भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

इसके अतिरिक्त थुराना गांव के उमेद सिंह ने पंचायत भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 7 मार्च 2019 को कब्जा हटाने का फैसला हुआ था, लेकिन कोरोना महामारी का हवाला देकर अब तक कब्जा नहीं हटाया गया है। वार्ड नंबर 3 की कलावती और सूबे सिंह ने बारिश के कारण जलभराव से हुए मकानों के नुकसान के मुआवजे की मांग की। वहीं गांव गढ़ी के ग्रामीणों ने खेतों से में खड़े बरसाती पानी की निकासी नहीं होने की समस्या उठाई। एसडीएम राजेश खोथ ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सभी मामलों का जल्द से जल्द निपटारा कर प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

मानक मापदंडों को अपनाएं : प्रो. बिश्नोई

- गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में क्वालिटी वॉक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि मानक केवल औद्योगिक उत्पादों तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता का प्रतीक हैं। राष्ट्र के विकास के लिए मानक मापदंडों को अपनाना आवश्यक है।

प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं भारतीय मानक ब्यूरो हरियाणा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित क्वालिटी वॉक के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

हिसार। क्वालिटी वॉक को हरी झंडी दिखाते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई।

जानकारी सांझा की

कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि गुणवत्ता हमारे कार्य संस्कार का आधार होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बीआईएस हरियाणा शाखा के वैज्ञानिक ई नवीता यादव ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों, उपभोक्ता अधिकारों और सतत पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी जानकारी सांझा की। सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट कोर्सेज के निदेशक प्रो. मनीष कुमार तथा एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. महावीर प्रसाद ने भी स्वयंसेवकों को संबोधन किया। वॉक महाराणा प्रताप स्टेडियम से आरंभ होकर विश्वविद्यालय के मुख्य मार्ग होते हुए केंद्रीय प्रांगण में संपन्न हुई।

उपलब्धि टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में मिली रैंक

दुनियाभर के 2000 से अधिक संस्थानों की रैंकिंग

प्रदेश में प्रथम स्थान पर एकमात्र सरकारी विवि बना गुजवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विश्वव्यापी प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में देश में 73वां स्थान और विश्व में 1201-1500वां स्थान पाकर गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय गौरव और रैंकिंग व मान्यता की सफलता की एक और उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि टाइम्स ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में दुनिया भर के 115 देशों और क्षेत्रों के 2000 से अधिक संस्थानों की रैंकिंग की है। टाइम्स ने भारत के 163 उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग की है और गुजविप्रौवि इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में अपनी उपस्थित दर्ज कराने वाला हरियाणा का एकमात्र राज्य सरकारी विश्वविद्यालय बना है।

प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलपति।

बधाई दी

प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि भारत के विश्वविद्यालय अब पहली बार अमेरिका के बाद दूसरे सबसे अधिक रैंकिंग वाले विश्वविद्यालय बने हैं। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि यह रैंकिंग पांच प्रमुख संकेतकों पर आधारित रही, जिन्हें पांच क्षेत्रों शिक्षण, शोध वातावरण, शोध गुणवत्ता, उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण में बांटा गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी इस उपलब्धि के लिए पूरे विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल और उप निदेशक प्रो. कश्मीरी लाल ने भी विश्वविद्यालय की एक और अंतरराष्ट्रीय मान्यता के लिए विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को बधाई दी।

पर्व उद्देश्य / डॉ. मोनिका शर्मा

गणेशोत्सव के बाद नवरात्र, दशहरा और अब दीपावली आ रही है। त्योहारों की यह श्रंखला हमें उत्सवी उल्लास में रंगकर आपस में जोड़ती है, हम नई ऊर्जा-उमंग से भर उठते हैं। इसलिए हम हर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाएं, इसके उद्देश्य और संदेश को जानें-समझें और अपने जीवन में नए रंग भरें, ऊर्जावान हों।

आओ रंग जाएं उत्सवी रंग में

प्यारे बच्चो, भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। साल भर यहां किसी ना किसी त्योहार की धूम रहती है। हर राज्य, हर क्षेत्र के लोगों के पास किसी न किसी पर्व या उत्सव के रंग में रंग जाने का मौका देखा जा सकता है। हमारी कल्चरल डायवर्सिटी (सांस्कृतिक विविधता) के चलते ये सतरंगी उत्सव जीवन में खुशियों की सौगात लेकर आते हैं। इन दिनों भी तुम्हें अपने आस-पास त्योहारी रौनक दिख रही होगी।

बच्चो, इन त्योहारों की रौनक कोई पूजा-अर्चना भर नहीं है। ना ही स्कूल से मिली त्योहारी छुट्टियां खाने-पीने और मौज उड़ाने का मौका भर हैं। हमारे पर्व और उनको मनाने से जुड़े विधि-विधान बहुत कुछ सीखने-समझने का सुनहरा अवसर होते हैं। ऐसे उत्सव अपने परिवार से मिलने-जुड़ने की मनभावन परंपराएं साथ लाते हैं। बच्चो, इस बार भी तुम त्योहरों की धूम की खूब खुशियां बटोरो, उत्सवीय रंगों में रंग उठो।

त्योहारों का लो आनंद

बच्चो, इस साल के त्योहारी सीजन के कुछ पर्व तो हमने मना लिए हैं, कुछ त्योहार आने अभी बाकी हैं। पहले खूब धूमधाम से गणपति की पूजा हुई फिर नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा की गई, दशहरा पर रामलीलाएं और रावण दहन भी तुमने देखा। अब सबको धनतेरस, दीपावली और भैया दूज जैसे त्योहारों की रौनक का इंतजार है। तुम भी इस त्योहारों की श्रंखला का खूब आनंद लो। हमारे देश में साल के ये दिन खुशियां मनाने और बांटने का अवसर लेकर आते हैं। इसीलिए दीपावली और इससे जुड़े अन्य त्योहारों को सबके साथ हंसी-खुशी मनाओ, अपनों के संग समय बिताओ। बड़ों का आशीर्वाद लो। सबसे गले मिलो और खूब प्यार बांटो। त्योहार के मौके पर आने वाले सगे संबंधियों, रिश्तेदारों का खूब प्यार से स्वागत करो। इस मेल-जोल से तुम्हें एक खुशी मिलेगी। सबसे बातचीत करने का सलीका आएगा।

कुछ नया सीखो

बच्चो, त्योहार नई चीजें सीखने का सुंदर मौका होते हैं। दीपावली की साफ-सफाई में मम्मा की मदद करना कई लाइफ स्किल्स सिखाता है। अपनी चीजों को संभालकर रखने से लेकर कमरे को क्लटर फ्री करने तक, कई काम और एक्टिविटीज सीखने को मिलती हैं। घर की सजावट करना हो या किसी फेस्टिवल पर किया जाने वाला खास नृत्य, सब कुछ

स्किल्स ही तो हैं। जैसे नवरात्र में गरबा नृत्य किया जाता है तो दीपावली में रंगोली बनाने का रिवाज है। बच्चो, अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ मिलकर त्योहार मनाना, ट्रेडिशनल ड्रेस पहनना, परंपरागत रिवाज निभाना, ये सब कुछ सीखने में रुचि लेनी चाहिए। त्योहारों से जुड़ी पुरानी बातें भी तुम्हारे लिए तो नई ही हैं। हमारे त्योहार तो खुशियां मनाना ही नहीं अलग-अलग ढंग से दूसरों की मदद करना भी सिखाते हैं।

स्क्रीन से तो दूरी भली

बच्चो, त्योहारी रौनक में अपना टाइम, स्मार्टफोन, टैब या लैपटॉप की स्क्रीन में झांकते हुए बिताने की गलती तुम्हें नहीं करनी है। चमकती स्क्रीन में ऑनलाइन गेम्स खेलने या दूसरी एक्टिविटीज में गुम रहने के बजाय रीयल वर्ल्ड की रौनक देखने में रुचि लो। स्मार्ट गैजेट्स लेकर बैठने के बजाय पूजा की तैयारियों और घर में सजावट के छोटे-मोटे काम करने में बड़ों की मदद करो। रोशनी के त्योहार दीपावली पर रंग-बिरंगी रंगोली बनाने या घर की लाइटिंग करने में भी मदद कर सकते हो। त्योहारी छुट्टियां अपनों के साथ बिताने के लिए होती हैं। बच्चो, सेलिब्रेशन के इस उजास में घर सजाने, दीये जलाने, परिवार के सदस्यों के साथ रीति-रिवाज अपनाने का एक बहुत अच्छा अवसर है। *

परंपराओं के बारे में जानो

बच्चो, अपने पर्वों को हर्षोल्लास के साथ मनाने के अलावा इनके बारे में जानने में भी रुचि लो। हमारे सभी त्योहारों से कोई ना कोई कहानी जुड़ी है, इसके पीछे कोई बड़ा संदेश भी छुपा है। इसीलिए त्योहारों का आनंद लेते हुए घर के बड़ों से इन पर्वों की कहानियों के बारे में जरूर जानो, ताकि त्योहारों के महत्व को और अच्छे से समझ सको। जैसे दीपावली का पर्व अंधकार पर उजाले की जीत का पर्व है। वैसे ही हर त्योहार से जुड़ी परंपराएं अच्छी और सच्ची सीख ही देती हैं। बच्चो, घर के बड़े-बुजुर्ग हों या अध्यापक, इन सभी को पर्वों से संबंधित सवालों का जवाब देने में खुशी ही मिलती है। वे बहुत मन से सारी कहानियां बताने में रुचि लेते हैं। यह बातचीत तुम्हें इन त्योहारों को गहराई से जोड़ेंगी।

यूजफुल इंस्ट्रूमेंट

सब कुछ कर दे क्लीन वैक्यूम क्लीनर

बच्चो, त्योहार का सीजन हो या कोई आम दिन, साफ-सफाई के दौरान डस्टिंग-क्लीनिंग को ईजी और इफेक्टिव बनाता है वैक्यूम क्लीनर। जानो, वैक्यूम क्लीनर से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

बच्चो, दिवाली आने में कुछ ही दिन शेष हैं। तुम्हारे घर में भी जोर-शोर से दिवाली की सफाई चल रही होगी। साफ-सफाई के दौरान जमी हुई धूल-मिट्टी और गंदगी को दूर करने में वैक्यूम क्लीनर काफी मददगार होता है। आजकल घरों में, ऑफिस में, स्कूलों में, लाइब्रेरीज या सार्वजनिक स्थानों, जैसे- एयरपोर्ट, मेट्रो आदि स्थानों पर साफ-सफाई के लिए इलेक्ट्रिक वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल किया जाता है। यह बहुत ही आसानी से धूल कणों और गंदगी को साफ कर देता है।

कुछ ऐसा था शुरुआती वैक्यूम क्लीनर: वैक्यूम क्लीनर के आविष्कार का प्रयत्न सन 1800 के अंतिम दिनों से शुरू हो गया था। घर के काम में आने वाले उपकरणों के आविष्कारकर्ताओं ने पहले भी इलेक्ट्रिक क्लीनर बनाया था, लेकिन यह आधुनिक वैक्यूम क्लीनर से कई मामलों में अलग था। इन इलेक्ट्रिक क्लीनर से निकलने वाली तेज हवा धूल को खींचने के बजाय बाहर की तरफ उड़ा देती थी, जिससे ये धूल उड़ कर चारों ओर रखी चीजों पर जम जाती थी।

आधुनिक वैक्यूम क्लीनर: सन 1901 में ब्रिटेन के एच.सी. बोथ ने पहला ऐसा वैक्यूम क्लीनर बनाने में सफलता पाई, जो धूल को उड़ाने के बजाय अपने अंदर खींच लेता था। उसके बाद से इसकी बनावट और कार्यप्रणाली में समय-समय पर कई बदलाव और सुधार किए जाते रहे हैं। अब तो आधुनिक तकनीकों से लैस रोबोटिक और एआई तकनीक वाले वैक्यूम क्लीनर्स भी बाजार में आ चुके हैं।

पोर्टेबल और बहुत ही उपयोगी: इन दिनों यूज की जाने वाली वैक्यूम क्लीनर, बिजली से चलने वाली एक ऐसी छोटी सी मशीन है, जिससे कार्पेट्स और फर्श पर पड़ी धूल, कागज के छोटे-छोटे टुकड़े, किताबों पर जमी धूल आदि की सफाई आसानी से की जा सकती है। इस मशीन को कोई भी व्यक्ति आसानी से हाथ में उठाकर सफाई कर सकता है। इसकी सहायता से दीवारों, पर्दों और नुकीली सतहों की सफाई भी की जाती है। सफाई करने के लिए यह एक बहुत ही उपयोगी मशीन है। *

- एफएमएन

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

जंगल में बन गया पुल

बच्चो, तुमने नदियों पर बने पुल जरूर देखे होंगे। पुल के जरिए ही हम ट्रेन या अपने वाहन से नदी को आसानी से पार कर लेते हैं। सोचो, अगर पुल न होते तो किसी नदी को पार करना कितना मुश्किल होता? इस छोटी सी कहानी की किताब 'जानवरों ने पुल बनाया' में भी तुम पढ़ सकते हो कि नंदन वन में रहने वाले जानवरों के द्वारा एक नदी पर कैसे पुल बनाया जाता है? दरअसल, नंदन वन के बीच से एक नदी बहती थी। जब उसमें पानी का बहाव तेज हो जाता तो जंगल के जानवर नदी के उस पार नहीं जा पाते थे। इस समस्या के समाधान के लिए राजा शेर सिंह सारे जानवरों की सभा बुलाता है। फिर वहां सारे जानवर क्या-क्या बातें करते हैं, कैसे पुल बनाने की तैयारी होती है, कौन सा जानवर क्या काम करता है और पुल कैसे बनता है? यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस रंगीन चित्रों वाली किताब को पढ़कर तुम जानोगे कि अगर सब मिलकर काम करें तो बड़े-कठिन काम भी आसानी से पूरे हो सकते हैं। *

पुस्तक: जानवरों ने पुल बनाया, **लेखक:** डॉक्टर घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य:** 90 रुपए, **प्रकाशक:** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

हंसगुल्ले

सोनू : यार, ये दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
मोनू : तुम्हें इतना भी नहीं पता! 'दर्दनाक' का मतलब होता है 'नाक में दर्द।'
-मुस्कान, बिलासपुर

नव्या : रात को सूरज क्यों नहीं दिखाई देता है?
नैंसी : क्योंकि वह पूरे दिन आसमान में घूम-घूमकर थक जाता है, इसलिए रात को सो जाता है।
-खुशबू, ई-मेल से

टीचर : न्यूटन का नियम बताओ।
राजू : सर, पूरा तो याद नहीं, लास्ट की लाइन याद है।
टीचर : चलो, लास्ट की ही सुनाओ।
राजू : ...और इसे ही न्यूटन का नियम कहते हैं।
-तनुजा, रायपुर

जीके क्विज-174

1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार दुनिया का नंबर वन टी-20 बैट्समैन कौन बना है?
2. छत्तीसगढ़ का कौन-सा जिला आधिकारिक रूप से भारत का पहला बालविवाह मुक्त जिला घोषित किया गया है?
3. जिम कार्बेट नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?
4. छत्रपति शिवाजी की मां का नाम क्या था?
5. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?
6. रेडियो की खोज किसने की थी?
7. कौन-सा विटामिन रक्त का थक्का बनने में सहायक होता है?
8. दूध में कौन-सा एसिड पाया जाता है?
9. ओडिशा की राजधानी कहां है?
10. थार मरुस्थल भारत के किस राज्य में स्थित है?

बच्चो, जीके क्विज-174 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-173 का उत्तर : 1.अग्नि-पी, 2.रानी मुखर्जी, 3.ह्वांगहो, 4.यमुना, 5.काला, 6.इटली, 7.चीन में, 8.बोधगया, 9.किडनी, 10.मैलिक अम्ल

जीके क्विज-173 का सही उत्तर देने वाले : ज्योति-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, ललित-रायपुर, अंकिता-रोहतक, कुसुम-भोपाल, कनिष्क-बिलासपुर, रोशन-बलौदा बाजार, रमेश-बैकुंठपुर, अजय-महासमुंद, राशि-बालोद, विकास-बेमेतरा, राजू-दुर्ग, अंकित-कांकेर, हर्ष-दिल्ली, साकेत-धमतरी, सृष्टि-हिसार

कहानी
सुधा रानी तैलंग

घर में पपी आया तो गट्टू का क्या, दादाजी का भी प्यारा साथी बन गया। गट्टू खाली समय में पपी के साथ खेलता तो दादाजी भी इस खेल में शामिल हो जाते। कुछ ही दिनों में नन्हा पपी पूरे परिवार का लाडला बन गया। एक प्यारी-सी कहानी।

गट्टू को मिला नया दोस्त



छह साल का गट्टू अपने दादाजी के संग पार्क से लौट रहा था। रास्ते में ही उसे छोटा-सा प्यारा पपी दिखा। उसके एक पैर से खून बह रहा था। वह दर्द से कराहते हुए कूं.. कूं कर रहा था।

गट्टू ने दादा जी से कहा, 'दादू, पपी को हम अपने घर ले चलते हैं। देखिए, बेचारे को कितनी चोट लगी है।'

'हां बेटा, हमें इसे अपने घर ले चलना चाहिए।' कहते हुए दादाजी ने पपी को अपनी गोद में उठा लिया।

घर आकर दादाजी ने गुनगुने पानी में एंटिसेप्टिक लिक्विड डाल कर पपी के पैर की कॉटन से सफाई की फिर कपड़े से पैर पोछकर उसके घाव पर दवाई लगाई।

गट्टू ने अपना हाथ आगे बढ़ाया तो पपी ने अपना दूसरा पैर उसके हाथ में दे दिया। गट्टू बोला, 'देखिए दादाजी, पपी तो मुझसे दोस्ती कर रहा है।' गट्टू की बात सुनकर दादाजी ने मुस्कुराते हुए उसके गालों पर प्यार से थपकी लगाई। तभी गट्टू की मम्मी, पपी के लिए एक कटोरी में दूध-रोटी लेकर आ गईं। पपी बहुत भूखा था, उसने झटपट दूध-रोटी चट कर दिया। शाम को जब पापा ऑफिस से लौटे तो गट्टू ने पपी के मिलने, उसके चोटिल होने और उसे घर लाने की पूरी कहानी उन्हें बताई। पापा बोले, 'शाम हो रही है। पूरी तरह अंधेरा होने से पहले चलो इसे पार्क में वापस छोड़ आते हैं, इसकी मां परेशान हो रही होगी।'

'पर पापा मैं तो इसे घर पर ही अपने साथ रखूंगा।' गट्टू रोनी सूरत बनाकर बोला।

'नहीं बेटा, जिद नहीं करते।' गट्टू को समझाते हुए पापा पपी को लेकर पार्क में चले गए। वहां चारों तरफ ढूंढा पर पपी की मां कहीं नहीं मिली। पापा और गट्टू पपी को साथ लेकर वापस घर आ गए। आते ही गट्टू चहकते हुए दादाजी से बोला, 'दादू, अब तो पपी हमारे साथ ही रहेगा। इसकी मां तो मिली ही नहीं।' दादाजी हंसते हुए बोले, 'बहुत बढ़िया! चलो तुम्हें खेलने के लिए एक नया दोस्त मिल गया। पर एक शर्त है कि तुम्हें अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना होगा।'

'ओके दादू!' गट्टू ने खुश होते हुए कहा।

बस फिर क्या था, पूरे घर में ही एक नए मेहमान पपी के आने से खुशी का माहौल बन गया। पपी के लिए एक छोटा और सुंदर सा गले का पट्टा आ गया। उसके लिए नरम कपड़े का बिछौना तैयार हो गया। कुछ ही दिनों में पपी का पैर भी ठीक हो गया और वह पूरे घर में उछल-कूद करने लगा।

दादाजी और गट्टू नन्हे पपी के साथ खूब खेलते थे। आगे-आगे पपी, फिर दादा जी, पीछे-पीछे गट्टू। कपड़े की बनी गेंद से पपी के साथ खेलने में गट्टू के साथ दादाजी को भी खूब मजा आता।

यह सब देखकर एक दिन पापा बोले, 'पपी के आ जाने से एक बात तो अच्छी हुई कि पहले बाबूजी पूरे दिन लेटे रहते थे, अब देखो कितनी दौड़ लगाते हैं। कितने खुश रहते हैं। लगता है अब उनकी सेहत पहले से अच्छी हो जाएगी और उनकी दवाइयां भी धीरे-धीरे कम हो जाएंगी।'

यह सुनते ही दादाजी हंसते हुए बोले, 'तुम सच कह रहे हो बेटा। पपी के आने से पूरे घर में कितनी रौनक आ गई है। मेरे बूढ़े शरीर में ताकत आ गई है। क्या करूं बेटा, तुम और बहू दोनों सुबह ऑफिस चले जाते हो और गट्टू अपने स्कूल। आखिर मैं अखबार कब तक पढ़ूं और टीवी भी कब तक देखूं? पहले तो मेरा समय ही नहीं कटता था। अब इस पपी के आने के बाद से समय कैसे बीत जाता है, पता ही नहीं चलता।'

'हां, यह बात तो सच है बाबूजी।' पापा ने कहा।

सचमुच वह नन्हा-नटखट पपी, दादाजी और गट्टू का बहुत ही प्यारा साथी बन गया था। गट्टू जब स्कूल जाता तो पपी उसे बाहर तक छोड़ने जाता। उसके लौटते समय दरवाजे पर बैठ जाता और पूंछ हिला कर गट्टू का स्वागत करता। सुबह जब न्यूज पेपर आता तो पपी मुंह में दबाकर सबसे पहले जाकर दादाजी को देता। कुछ ही दिनों में वो क्यूट पपी पूरे परिवार का लाडला बन गया। गट्टू तो बहुत ही खुश था, क्योंकि उसे एक प्यारा दोस्त जो मिल गया था। *

कविता
शादाब आलम

बस्ता बोले

बस्ता बोले, आओ जी
हंसकर मुझे उठाओ जी।
बोझ नहीं हूं साथी हूं मैं
मुझपे मत गुस्साओ जी।
मुझमें कितनी चीज तुम्हारी
गिनकर जरा बताओ जी।
इमली, चूरन, सौंफ, चने, गुड़
मुझमें कहीं छुपाओ जी।
लंच ब्रेक में मित्रों के संग
खूब मजे से खाओ जी।
कभी किसी दिन टीचर जी से
अगर इजाजत पाओ जी।
अपने सभी खिलौने भरकर
विद्यालय ले जाओ जी।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां पानी में तैरती हुई एक नन्ही जलपरी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सात अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी सात अंतर खोजो।

उत्तर: 1. जलपरी के बाएं हाथ में मौजूद बालों का गुच्छा बंद है। 2.पीछे वाली तरफ दो के बजाय तीन अंगूठियां हैं। 3.दाईं तरफ की ऑंख पर ऐनक पहिरे है। 4.ऊपर दाईं तरफ तैर रही बलूही अंगूठियां गायब है। 5.आखो बाईं तरफ दो के बजाय तीन फिश कोरल के बगल में दाईं तरफ छोटी-सी कैव दिख रही है। 7.आखो दिख रहे स्टोन में एक स्टार कम है।

सही मिलान करो

बच्चो, दिए गए चित्र में अलग-अलग जानवरों के शरीर का आधा हिस्सा बायीं तरफ और बाकी आधा हिस्सा दायीं तरफ दिया गया है। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से इनका सही मिलान करो और जानो कौन-सा जानवर है?



उत्तर : A-3, B-4, C-2, D-1

खबर संक्षेप

1.06 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी काबू

हांसी। थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने ट्रेडिंग के नाम पर 106920 रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सिरसा के ऐलनाबाद निवासी अजय के रूप में हुई है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही अमित कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने 18 अगस्त को दयाल सिंह निवासी दीपक के पास टेलीग्राम पर लिंक भेजकर ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 106920 रुपये की धोखाधड़ी की थी।

उद्घघोषित आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

हांसी। विशेष अभियान के तहत पुलिस पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने थाना शहर हांसी दर्ज एक मामले में उद्घघोषित आरोपी सोरखी निवासी अजमेर को गिरफ्तार किया गया। पीओ स्टाफ में तैनात एएसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को थाना शहर हांसी के मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मेहंदी प्रतियोगिता में दिव्या रही प्रथम

हिसार। गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में करवा चौथ के पावन अवसर पर छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। महिला प्रकोष्ठ द्वारा एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डॉ. पंकज गिल, डॉ. सुदेश शर्मा, और डॉ. पवनकुमारीनेनिर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में दिव्या ने प्रथम स्थान चंचल ने द्वितीय स्थान और पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

उकलाना। अखिल भारतीय किसान सभा के शिष्टमंडल ने अनाज मंडी का दौरा कर धान, कपास, बाजरा आदि फसलों की सरकारी खरीद में हो रही अनियमितताओं और मंडी में किसानों को आ रही परेशानियों का जायजा लिया। इस दौरान किसान सभा ने बारिश और खराब मौसम से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर कृषि मंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने मंडी में मार्केट कमेटी सचिव सुमन रानी से भी भेंट की। इस मौके पर किसान सभा के जिला सचिव सरबत सिंह पूनिया, तहसील प्रधान मा० फूल सिंह, सचिव प्रदीप बूरा, सह सचिव डॉ. मियां सिंह बिठमड़ा, कोषाध्यक्ष दयानंद ढुकिया आदि मौजूद रहे।

भाषण स्पर्धा में छात्रा काम्या ने मारी बाजी

बरवाला। राजकीय महाविद्यालय, बरवाला में रसायन शास्त्र विभाग के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मीडिया प्रभारी पंकज रहेजा और आशीष कुमार तथा मंजन सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बी.एस.सी.द्वितीय वर्ष की छात्रा काम्या ने प्रथम स्थान और बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया ने द्वितीय स्थान तथा बी.एस.सी.द्वितीय वर्ष की छात्रा सुलोचना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एसपी ने किया विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण

हांसी। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने गुरुवार को कार्यालय पुलिस अधीक्षक हांसी की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं जैसे आर्थिक अपराध शाखा, लेखा शाखा, सुरक्षा शाखा, साइबर शाखा, स्थापना शाखा, रिकार्ड शाखा एवं शिकायत निवारण शाखा के कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अनुशासन, कार्यस्थल की व्यवस्था, अभिलेखों के रख-रखाव तथा आगंतुक नागरिकों के साथ व्यवहार का भी गहराई से अवलोकन किया।

नरमा की फसलें डूबी, किसानों को भारी आर्थिक नुकसान

अज्ञात कारणों के चलते सरसौद माइनर टूटी, खेतों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

अज्ञात कारणों के चलते बीती देर रात्रि गांव सरसौद और खेदड़ के बीच से गुजरने वाली सरसौद माइनर टूट गई। अचानक माइनर के टूटने से आसपास के खेतों में नहरी पानी भर गया। जिसके चलते नरमा, कपास समेत अन्य खड़ी फसले जलमग्न हो गई। किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों जयबीर, संदीप व राजेश आदि ने बताया कि बुधवार देर रात सिंचाई विभाग द्वारा नहर में पानी छोड़ा गया था। जैसे ही माइनर में पानी का दबाव बढ़ा।

गांव खेदड़ के समीप माइनर का एक हिस्सा टूट गया। देखते ही देखते पानी खेतों में फैल गया और फसलों को नुकसान पहुंचाने लगा। गुरुवार प्रातः जब किसान खेतों में पहुंचे तो उन्होंने माइनर में आई बड़ी दरार देखी और तुरंत इसकी सूचना सिंचाई विभाग को दी। सूचना मिलते ही विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीनों की मदद से मुरम्मत कार्य शुरू कराया। विभाग द्वारा माइनर के टूटने के सही कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मिट्टी की ढलान कमजोर होने या अचानक पानी का दबाव बढ़ने से माइनर टूटी होगी।

बरवाला। गांव खेदड़ के पास टूटी सरसौद माइनर को पाटते हुए।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने संभाला मोर्चा

टूटे हिस्से की मरम्मत करवाने की मांग

गांव खेदड़ और आसपास के क्षेत्रों में किसानों की नरमा, कपास व अन्य खडी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। सिंचाई विभाग अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और माइनर की दरार को पाटा जा रहा है ताकि माइनर में दोबारा से पानी की सप्लाई बहाल की जा सके। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि माइनर के टूटे हिस्से की मुरम्मत जल्द से जल्द करवाई जाए और प्रभावित किसानों को फसले नष्ट होने के एवज में तुरंत प्रभाव से मुआवजा प्रदान किया जाए ।

किसानों और मजदूरों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- समाधान नहीं होने पर प्रदर्शन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

किसान, मजदूरों व मनरेगा से संबंधित समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा की हिसार तहसील कमेटी का प्रतिनिधिमंडल तहसील प्रधान रमेश मिरकां के नेतृत्व में उपमंडल अधिकारी सै मिला। किसान सभा के तहसील प्रधान रमेश मिरकां व सचिव अभय राम फौजी ने गुरुवार को बताया कि उपमंडल अधिकारी से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर बातचीत हुई। इसमें मुख्य रूप से ई क्षतिपूर्ति पोर्टल दोबारा खोलना, एमएसपी पर फसलों की खरीद सुनिश्चित करना, 60 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देना, 24 घंटे बिजली की आपूर्ति, स्कूलों, पीएचसी व सीएचसी से पानी की निकासी करवाना, कर्जा माफ करना, क्षतिग्रस्त मकानों व ट्यूबवेलों का मुआवजा देना, मृत पशुओं का मुआवजा देना, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना, गांवों में फोगिंग करवाना, पशुओं व जनता के लिए दवाओं का प्रबंध करना व डीएपी की आपूर्ति सुनिश्चित करना आदि मुद्दों को उठाया गया।

हिसार। उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान सभा पदाधिकारी।

कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

हिसार। बहुजन समाज पार्टी, बामसेफ एवं डीएस4 के संस्थापक साहब कांशीराम के 19वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बसपा हरियाणा (जोन-3) द्वारा कुम्हार धर्मशाला में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी रामसिंह प्रजापति मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित रहे। समारोह में प्रदेश सचिवगण बलबीर मुंडे, सूरत सिंह, जोगिंद्र कायला, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेमचंद राठी, जोन-3 प्रभारी महेंद्र धानिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिलेसिंह कश्यप सहित बसपा हरियाणा के जिला अध्यक्षगण रामदिया खेड़ी (हिसार), रामधन चौटाला (सिरसा), ओमप्रकाश (चरखी दादरी), नानक प्रजापति व संजय महंच जिला प्रभारी तथा जोन-3 की विभिन्न विधानसभाओं के प्रभारी, अध्यक्ष, पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

डॉ. बिदानी बने वसुधैव कुटुंबकम के हरियाणा राज्य संयोजक

हिसार। प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. योगेश बिदानी को वसुधैव कुटुंबकम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हरियाणा राज्य संयोजक नियुक्त किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय कार्यवाहक भैराज विनोद नागराले द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार यह दायित्व 29 सितम्बर से प्रभावी रहेगा। वसुधैव कुटुंबकम–द अर्थ इज वन फैमिली की विचारधारा पर आधारित यह संस्था राष्ट्रवाद, सनातन संस्कृति, सामाजिक एवं पारंपरिक मूल्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण और वैश्विक एकता के सिद्धांतों को बढ़ावा देती है। संगठन का उद्देश्य विश्व के विभिन्न देशों और संस्कृतियों के बीच शांति, सद्भाव और समझ का सेतु स्थापित करना है।

योगेश बिदानी।

मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक का आयोजन

सिंचाई मंत्री के भिवानी आवास पर प्रदर्शन 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की ब्रांच कमेटी की बैठक आईबी मैकेनिकल ब्रांच कार्यालय में ब्रांच प्रधान अशोक यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई।। बैठक का संचालन सचिव संदीप फौजी ने किया। यह जानकारी देते हुए प्रधान अशोक यादव ने बताया कि बैठक में संगठन द्वारा 11 अक्टूबर को भिवानी में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर किए जाने वाले प्रदर्शन की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया।

सैकड़ों कर्मी लेंगे हिस्सा

प्रधान अशोक ने कहा कि यह प्रदर्शन युक्तिकरण के नाम पर सिंचाई विभाग में हजारों पद समाप्त करने के विरोध में तथा विभागीय मांगों को लेकर होगा। यूनियन नेताओं ने बताया कि प्रदर्शन में हांसी ब्रांच से सैकड़ों कर्मचारी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार सिंचाई विभाग में खाली पदों को समाप्त करने की नीति लागू कर रही है, जो अस्वीकार्य है। बैठक में राज्य उप प्रधान संदीप पूनिया, राजकुमार सिसर, बलजीत जमावड़ी, बलराम हैबतपुर, नवीन फौजी, प्रदीप लोहान, दिनेश भाटोल, व रूप आदि मौजूद रहे।

करवा चौथ पर मेहंदी प्रतियोगिता छात्राओं ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

- प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान, प्रियंका व सुमन ने दूसरा स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी पूनम द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी पूनम ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया व प्राचार्य का अभिवादन किया। प्राचार्य अनिल कुमार मेहता ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। विभिन्न कलाओं में अपना हुन्नर निखार कर उन्हें व्यवसाय के रूप में भी अपनाया जा सकता है। विद्या वत्ती, रेनू व बिमला देवी ने निर्णायक की भूमिका अदा की। मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में नसरीन बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान, प्रियंका व सुमन बीए द्वितीय वर्ष कि छात्रा ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान व महक बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

नारनौंद। राजकीय कॉलेज खेड़ी चोपड़ा में प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं।

25 से प्रदेश में ऑनलाइन कार्य ठप करने का ऐलान

एमपीएचडब्ल्यू एसोसिएशन ने दी सरकार को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

एमपीएचडब्ल्यू एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र संज्ञान नहीं लिया गया तो 25 से पूरे हरियाणा में ऑनलाइन कार्य पूरी तरह बंद कर दिए जाएंगे। एसोसिएशन की मिर्चपुर खंड इकाई ने यह चेतावनी कार्यवाहक एसएमओ को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से दी। खंड प्रधान विनोद कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में सचिव अनिल पूनिया, कैशियर अशोक कुमार, अमित, एमपीएचडब्ल्यू प्रमोद व एलएचवी बीरमति शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सीएचसी मिर्चपुर में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन को ज्ञापन सौंपा।

हो रही परेशानी

ज्ञापन में कहा गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी कार्यों को ऑनलाइन किया जा रहा है, लेकिन इसके लिए जरूरी संसाधन और इंटरनेट व्यवस्था नहीं की गई। इससे कर्मचारियों को कार्य करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कारण भिवानी, यमुनानगर और फरीदाबाद जिलों में ऑनलाइन कार्य पहले ही रोके जा चुके हैं। यदि सरकार ने अब भी एसोसिएशन की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो 25 अक्टूबर से प्रदेशभर में ऑनलाइन कार्य पूरी तरह बंद कर दिए जाएंगे।

शरारती तत्वों ने घर के बाहर खड़ी कार का तोड़ा शीशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

अज्ञात शरारती तत्वों ने बुधवार रात को दिल्ली गेट के समीप घर के बाहर खड़ी सालासर मंदिर के पुजारी की कार का फ्रंट शीशा तोड़ दिया। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर कार मालिक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस द्वारा शरारती तत्वों का पता लगाने के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की जा रही है।

हांसी। शरारती तत्वों द्वारा तोड़ा गया कार का शीशा

हिसार। सम्मानित करते हिसार मंडलायुक्त अशोक गर्ग।

मंडलायुक्त गर्ग ने बैडमिंटन खिलाड़ी राहुल को किया सम्मानित

हिसार। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की 15 वीं अन्तर सर्कल खेलकूद प्रतियोगिता के बैडमिंटन मुकाबले में पुरुष वर्ग में मुख्यालय हिसार की चार सदस्यीय टीम नामतः राहुल वर्मा, रमेश जांगड़ा, वीरेन्द्र सिहाग व विकास ठाकुर ने फाइनल मैच में गुरुग्राम सर्कल की टीम को हराकर विजेता बनने का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को हिसार मंडलायुक्त एवं निगम के एमडी अशोक गर्ग ने ट्राफी व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया। गांव कोथखुर्द में जन्में उत्कृष्ट बैडमिंटन खिलाड़ी अपने बेटे राहुल की शानदार उपलब्धि पर पिता एवं लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ ने प्रसन्नता व्यक्त की।

नेशनल जूनियर एथलेटिक्स के लिए 21 एथलीट चयनित

- इस प्रतियोगिता में हरियाणा का 145 खिलाड़ी ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के द्वारा 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 5 दिवसीय आयोजन कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर (उड़ीसा) में 10 से 14 अक्टूबर तक किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी खेल सत्यवीर धनखड ने जानकारी देते हुए बताया कि हिसार जिले से 11 बालिकाओं और 10 बालकों सहित 21 एथलीट खिलाड़ियों का हरियाणा की टीम में चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा का 145 खिलाड़ियों का दाल भाग ले रहा है। एथलेटिक्स हरियाणा टीम के टीम कोच जसवंत सिवाच और बीरबल एवं टीम मैनेजर पुनित को नियुक्त किया गया है।

इन खिलाड़ियों का हुआ चयन

एथलेटिक्स हरियाणा महासचिव प्रदीप मलिक ने कहा कि अंडर-20 बालक में आशीष यादव 200 मीटर, मोहित कुमार 400 मीटर, 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस, आशीष खरब 800 मीटर, जतिन मलिक लांग जंप, हर्षित गहलोत शाटपुट, उज्जवल चौधरी डिस्कस थ्रो, निखिल यादव, हरिकेश 5000 मीटर रेस वाक, अंडर-16 में मनीष कुमार 400 मीटर और मिडले रिले, शिवम हाई जंप और लड़की वर्ग 20 साल में छोटी देवी 1500 मीटर, कोमल 100 मीटर हर्डल, पूनम 400 मीटर हर्डल, रिद्धि डिस्कस थ्रो, प्रिया, खुशी हेप्टाथलान, अंडर-18 में महक श्योराण 400 मीटर दौड़, ओशिन डिस्कस थ्रो, योगिता 3000 मीटर रेस वाक, अंडर-16 में अनु हाई जंप और कोमल हाई जंप एवं पेंटाथलान में हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली के नाम शानदार उपलब्धि

योगेश कोहली।

हिसार। उत्तराखंड के नैनीताल स्थित चूनाखान में ओप्टिमम जेम्स कार्बेट कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में हुआ, जिसमें देश-विदेश के अनेक खिलाड़ियों ने भाग लिया। हिसार के सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली भी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। उन्होंने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के सिंगल, डबल्स तथा मिक्सड डबल्स तीनों टाइटल्स अपने नाम किए। इसके साथ ही हरियाणा के अकेले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने किसी प्रतियोगिता में तीनों टाइटल जीतने का गौरव हासिल किया हो। उन्होंने बताया कि यह उनके टेनिस करियर का सबसे अच्छा प्रदर्शन और अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के जीवन दर्शन पर विचार गोष्ठी

गोष्ठी में संस्कृत स्नातकोत्तर की छात्राओं ने शोध प्रस्तुत किए

महर्षि वाल्मीकि का साहित्य सत्य और धर्म के समन्वय का प्रतीक : प्रो. बहमनी

हिसार। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के जीवन दर्शन पर हुई विचारगोष्ठी में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गुरु जंभेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'भारतीय संस्कृति के आदिकवि : महर्षि वाल्मीकि' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु जंभेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष प्रो. किशनाराम बिश्नोई ने की।

वाल्मीकि ने भारतीय काव्य परंपरा की नींव रखी

मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार बहमनी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रो. अरुणेश कुमार, शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता प्रो. वंदना पूनिया एवं दीपक कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो. बहमनी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने भारतीय काव्य परंपरा की नींव रखी। उनका साहित्य सत्य, करुणा और धर्म के समन्वय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की काव्य चेतना आज भी समाज को सत्य और सदाचार के मार्ग पर प्रेरित करती है। गोष्ठी में संस्कृत स्नातकोत्तर की छात्राओं मनीषा, रेनू व रिंकु ने महर्षि वाल्मीकि के कृतित्व और विचारों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. गीतू, प्रभारी, हिन्दी विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. शर्मिला, डॉ. कल्पना, डॉ. रामस्वरूप, डॉ. इंदुबाला आदि उपस्थित रहे।

मुकेश बंसल बने वुशू स्पोर्टस एसोसिएशन के वाइस प्रेजिडेंट

हिसार। वुशू स्पोर्टस एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव अनिल विज ने हिसार के मुकेश बंसल को एसोसिएशन का वाइस प्रेजिडेंट नियुक्त किया है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय केंद्र सरकार के अधीन तथा इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की इकाई वुशू स्पोर्टस एसोसिएशन हरियाणा में मुकेश बंसल को वाइस प्रेजिडेंट जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस उपलब्धि पर मुकेश बंसल ने कहा कि वे खेल क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे और वुशू खेल को आगे बढ़ाते हुए एसोसिएशन को उन्नति के पथ पर अग्रसर करेंगे।

सूचना

मैं, जगमोहन पुत्र श्री समुन्द्र उर्फ महेन्द्र निवासी पेटवाड़ तहसील नारनौंद, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमित मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सूचना

मैं, महेन्द्र पुत्र श्री हनुमान निवासी गांव खारा, बरवाला, तहसील आदमपुर, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरी पुत्री प्रिया मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

संजू की निजी सहायक के पद पर पदोन्नति

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, कुलसचिव कार्यालय ने आदेश जारी करके विश्वविद्यालय में सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पद पर कार्यरत संजू को निजी सहायक के पद पर पदोन्नत किया है। पदोन्नति के आदेश कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढ़ाका ने जारी किए। इस अवसर पर उपस्थित लुवास गैर शिक्षक संघ के प्रधान दयानंद सोनी ने यूनियन की तरफ से इस पदोन्नति के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा एवं कुलसचिव (डॉ.) सुरेन्द्र सिंह ढाका का आभार व्यक्त किया।

आत्मनिर्भर भारत का आधार स्वदेशी संकल्प

हिसार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा लिख रहा है। आत्मनिर्भर भारत का आधार स्वदेशी संकल्प है। यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देश की आत्मा से जुड़ा हुआ जनआंदोलन है। स्वदेशी अपनाने से ही भारत का आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक उत्थान संभव है। दुनिया में योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प, परंपरागत उद्योग आदि वैश्विक स्तर पर पहचान बना चुके हैं। यह बात नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने नलवा हलके के आजाद नगर क्षेत्र में हर घर स्वदेशी-घर-घर स्वदेशी व जीएसटी कटौती को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कही।

पोंजी योजनाओं से सावधान रहें नागरिक : एसपी

हिसार। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने जिले के युवाओं को सचेत करते हुए कहा है कि वे दिनों पोंजी योजनाओं व नौकरी के प्रस्ताओं से सावधान रहें। इन दिनों पोंजी योजनाएं, ऑनलाइन निवेश ठगी और फर्जी नौकरी के प्रस्तावों के माध्यम से कई लोग धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। ऐसे मामलों में ठग अधिक मुनाफे, जल्दी अमीर बनने या सरकारी/निजी नौकरियों का झांसा देकर भोले-भाले युवाओं से मोटी रकम ऐंठ लेते हैं। ठग गिरोह सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप और फर्जी भर्ती एजेंसियों के ज़रिए युवाओं को लुभाते हैं।

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नई पहल

रेहड़ियों का कचरा नगर निगम करेगा संग्रहित

योजना की शुरुआत बालसमंद रोड स्थित मलिक चौक से की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। अब नगर निगम खुद रेहड़ियों से निकलने वाले कचरे को एकत्र करेगा। इस योजना की शुरुआत नगर निगम आयुक्त नीरज ने बालसमंद रोड स्थित मलिक चौक से की। उनके साथ इस अवसर पर अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा भी मौजूद रहे। यह योजना फिलहाल एक सप्ताह तक निशुल्क रहेगी, ताकि रेहड़ी संचालकों को इसकी उपयोगिता का अनुभव हो सके। इसके पश्चात, प्रत्येक रेहड़ी संचालक से प्रतिमाह 100 रुपये शुल्क लिया जाएगा। यह राशि नगर निगम में जमा में जमा होगी। इस मौके पर नगर निगमायुक्त नीरज ने बताया कि जोन 2 क्षेत्र में पांच टिप्पर वाहनों के माध्यम से रेहड़ियों का कचरा एकत्र किया जाएगा।

हिसार। अधिकारियों को निर्देश देते निगमायुक्त नीरज। *फोटो : हरिभूमि*

यातायात और स्वास्थ्य होता प्रभावित

निगम आयुक्त नीरज ने कहा कि यह पहल इसलिए जरूरी मानी जा रही है क्योंकि पहले देखा गया था कि अधिकतर रेहड़ी संचालक अपना कचरा निगम के कचरा सेकेंडरी प्वाइंटों पर या सड़क किनारे कचरा फेंक देते थे। इससे न केवल गंदगी फैलती थी, बल्कि यातायात और लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता था। ऐसे में नगर निगम ने यह जिम्मेदारी अपने हाथों में लेने का निर्णय लिया है ताकि शहर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर की जा सके।

जोन 2 के क्षेत्र में मलिक चौक से लेकर एचएयू गेट तक आईजी चौक से आजाद नगर तक, डाबड़ा चौक से आईटीआई चौक तक, डाबड़ा चौक से जिंदल चौक तक और कैमरी रोड पटेल नगर तक शामिल हैं। निगम आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि रेहड़ी संचालकों को अपनी रेहड़ियों पर दो डस्टबिन रखना अनिवार्य होगा।

एक सूखे और एक गीले कचरे के लिए। यदि कोई संचालक नियमों का उल्लंघन करता है, कचरा सड़क पर फेंकता है या डस्टबिन नहीं रखता, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में न केवल उसकी रेहड़ी जब्त कि जाएगी, बल्कि उस स्थान पर दोबारा रेहड़ी लगाने की अनुमति भी नहीं दी जाएगी।

लसिता ने रचाई सबसे सुंदर मेहंदी

■ आरपीएस स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को करवा चौथ के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की सभी छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया और प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उन्हें भारतीय परंपरा से जोड़ना था।

इस प्रतियोगिता के दौरान अध्यापिकाओं द्वारा पर्ची उठाकर प्रतिभागी छात्राओं का चयन किया गया। प्रतिभागियों ने प्राकृतिक मेंहदी का उपयोग करते हुए हाथों पर बेहद सुंदर और जटिल डिज़ाइन बनाए, जिनमें रचनात्मकता और सफाई साफ झलक रही थी।

हांसी। मेहंदी प्रतियोगिता के दौरान अपने हाथों में लगाई गई मेहंदी दिखाती छात्राएं।

प्रतिभागियों की सराहना

निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया गया, जिन्होंने डिज़ाइन की मौलिकता, साफ-सफाई, रचनात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में लसिता ने प्रथम, योगिता ने द्वितीय व पर्तुषा ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका पूजा राणा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

केवाईसी करवाने आए व्यक्ति ने दिया चोरी की वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शहर के बड़सी गेट स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब बैंक में कार्यरत एक महिला कर्मचारी के पर्स से हजारों रुपये चोरी हो गए। घटना बैंक परिसर के अंदर ही हुई और चोरी की पूरी वारदात बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

● महिला कर्मचारी के पर्स से चुराए रुपये

सीसीटीवी में कैद

शाखा प्रबंधक दिनेश ने बताया कि बैंक प्रशासन की ओर से सीधी शिकायत नहीं की जा सकती, लेकिन यदि संबंधित कर्मचारी चाहें तो वह स्वयं पुलिस में मामला दर्ज करवा सकती हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज संबंधित महिला को उपलब्ध कराई जा सकती है, ताकि वह कार्रवाई कर सके। बैंक परिसर के अंदर इस तरह चोरी की वारदात सामने आने से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राहकों और कर्मचारियों दोनों ने इस घटना के बाद बैंक में निगरानी और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

हिसार। नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को पटेल नगर के तीन शैक्षणिक संस्थानों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल, गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल और गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पटेल नगर के स्टाफ को स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई और उन्हें इस दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर लक्ष्मण श्योराण, नीलम मलिक, सुशीला, गीता चहल, प्रिया मक्कड़, पूनम आदि उपस्थित रहे।

श्री काली देवी विद्या मंदिर में डाक सेवाओं के महत्व पर कार्यक्रम आयोजित

हांसी। श्री काली देवी विद्या मंदिर में विश्व डाक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को डाक सेवाओं के महत्व के प्रति जागरूक करने और संचार कौशल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा प्रथम और द्वितीय के विद्यार्थियों ने पत्र पेटियों का अवलोकन करते हुए अपने स्वयं के लिफाफे और पोस्टकार्ड बनाने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। वहीं आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हांसी के मुख्य डाकघर का दौरा किया, जिसमें विद्यालय के शिक्षकों कोमल सैनी और बबली के मार्गदर्शन में उन्होंने डाक सेवाओं के संचालन को नजदीक से देखा और पत्र भेजने एवं प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जाना। इस अवसर पर डाकघर प्रमुख आरपी शर्मा ने विद्यार्थियों को डाकघर के इतिहास, विभिन्न बचत योजनाओं और डाक विभाग के विभिन्न कार्यों की जानकारी दी।

तनिष्क में करवा-चौथ की चमक

■ मेहंदी, संगीत और परंपराओं से सजा यादगार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

करवा चौथ के पावन अवसर पर तनिष्क ने महिलाओं के लिए एक बेहद खास और यादगार मेहंदी समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम न केवल परंपरा और उत्सव का संगम बना, बल्कि रिश्तों की मिठास और स्त्री सशक्तिकरण का प्रतीक भी नजर आया। तनिष्क ने हर महिला के चेहरे पर मुस्कान और दिल में अपनापन भर दिया। सुबह से ही शोरूम में महिलाओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं जब एक-दूसरे से मिलीं तो माहौल में उल्लास और उत्साह भर गया। पूरे शोरूम को सुंदर फूलों, रंगीन सजावट, मधुर संगीत और पारंपरिक साज-सज्जा से सजाया गया था।

हिसार। तनिष्क शोरूम में उपस्थित महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

कारीगरी की खूब सराहना

महिलाओं ने खूबसूरत मेहंदी लगवाते हुए करवा चौथ की तैयारियों पर आपस में चर्चा की। कई ग्राहकों ने इस अवसर पर तनिष्क के विशेष करवा चौथ कलेक्शन की खरीदारी भी की, जिसमें नवीनतम डिजाइन और पारंपरिक स्पर्श का सुंदर मेल था। तनिष्क के इस कलेक्शन को देखने के बाद ग्राहकों ने इसकी सुंदरता और कारीगरी की खूब सराहना की।

मार्केट न्यूज

विजडम स्कूल में वार्षिक महोत्सव का तीसरा दिन भारत के हृदय हरियाणा को समर्पित

हिसार। साउथ बायपास स्थित विजडम स्कूल में चल रहे वार्षिक महोत्सव के तीसरे दिन भी उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला ।इस बाल महोत्सव की थीम भारत का दिल- हरियाणा रखी गई जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों में हरियाणा की संस्कृति, विरासत,परंपराओं लोक कला और वीरता को मंच पर जीवंत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री राम वंदना और सरस्वती माता के सम्मुख दीप प्रज्वलन से की गई। इसके पश्चात विद्यालय संचालक श्री हरिपाल पिलानिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम को मन से अनुभव करने का आग्रह किया। छात्रों ने योग प्रदर्शन के जरिए भी हरियाणा की स्वस्थ जीवन शैली को दिखाया। हरियाणा संस्कृति पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति हुई जिसमें शादी, तीज भात जैसी परंपराओं तथा रीति रिवाजो का मंच पर शानदार प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ० सत्य सावंत ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति अनेक लोक कलाओं , भाषाओं, वेशभूषाओं, का संगम है जो हमें एक सूत्र में बांध कर रखता है।उन्होंने योग का महत्व बताते हुए ओम का उच्चारण भी करवाया जिससे वातावरण आध्यात्मिक और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया।

कर्म कल्याणी सोसायटी ने मनाया करवा-चौथ पर्व

■ सुहागिनों ने पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर उत्सव का भरपूर आनंद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कर्म कल्याणी वेलफेयर सोसायटी की ओर से करवा चौथ का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ रेड स्क्वेयर मार्केट स्थित एक रेस्तरां में मनाया गया। कार्यक्रम में मेहंदी समारोह, रैंप वॉक प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी व स्पेशल गेम्स का आयोजन किया गया।

सुहागिनों ने पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर उत्सव का भरपूर आनंद लिया। डीजे, संगीत और गिफ्ट्स ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सोसायटी की प्रधान मौसमी कर ने सभी को करवा चौथ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "सभी सुहागिनें सदा सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण रहें।

हिसार। करवा चौथ पर्व मनाती कर्म कल्याणी वेलफेयर सोसायटी की सदस्य।

प्रयोगशाला के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी

स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला कल से

■ अग्रसेन भवन में 17 अक्टूबर तक चलेगी प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ब्रह्मलीन हृदयनारायण (योगीजी) की प्रेरणा से संचालित तप सेवा सुमिरन की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रयोगशाला बदरी नारायण सेवाग्राम मेरठ से पधारे डॉ. गोपाल शास्त्री के सान्निध्य में 11 से 17 अक्टूबर तक अग्रसेन भवन में स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके मुख्य संयोजक अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला हैं।

इन रोगों का इलाज

साधक सत्यनारायण शर्मा एडवोकेट ने बताया कि प्रयोगशाला में भाग लेने वालों को रजिस्ट्रेशन करवाना जरुरी है। कैम्प में मानसिक शांति, अपचन, गैस, कबजियत, एसिडिटी, मोटापा, कोलेस्ट्रॉल वृद्धि से ग्रस्त होकर डायबिटीज, बलडप्रेशर, हार्ट अटैक, मानसिक तनाव, अनिद्रा, याद्दाश्त कमजोर होना, डिप्रेशन, भय, चिंता व चिड़चिड़ापन आदि का इलाज किया जाएगा। भोजन को दवा बना लो वरना दवा भोजन बन जाएगा।

अग्रवाल समाज का संगठन मजबूत : गर्ग

■ हिला समिति को बजरंग गर्ग ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अग्रवाल समाज व महिला समिति की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में महिला समिति को बजरंग गर्ग ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश में अग्रवाल समाज में जन चेतना आने से व समाज का संगठन पहले से मजबूत हुआ है।

महाराजा अग्रसेन जी की जयंती देश व प्रदेश में लगातार 3 महीने तक बनाई जाती है जबकि महाराजा अग्रसेन जी 5149 वीं जयन्ती 22 सितंबर को थी।

महाराजा अग्रसेन जी ऐसे महान पुरुष थे, जिन्होंने अपने राज्य में सभी को बराबर का दर्जा दिया और छोटे-बड़े की खाई को दूर करने का काम किया। अग्रोहा धाम महाराजा अग्रसेन जी की धर्म नगरी देश का तीर्थ स्थान है।

हिसार। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

इन्होंने रखे विचार

इस अवसर पर अग्रवाल समाज प्रधान घीसाराम जैन, प्रदेश सचिव गौरव सिंगला, युवा इकाई प्रधान अमित गोयल, महिला समिति प्रधान कविता गोयल, मनोज गर्ग, नरेश गोयल, दिनेश गर्ग, सविता जैन, मीणा गोयल, ऋषि राज गर्ग, अनन्त अग्रवाल आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

दयानंद कॉलेज में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन

हिसार। दयानंद कॉलेज में हिंदी व संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका नरेश के तत्वाधान में करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रेष्ठ मेहंदी लगाने वाले विद्यार्थियों को सर्वोत्तम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका अंग्रेजी विभाग से डॉ. संगीता मलिक व वाणिज्य विभाग से प्रो. मोनिका ने निभाई । इस अवसर पर हिंदी विभाग से डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. सुमंगला वशिष्ठ, डॉ. संतोष रानी, डॉ. सुमन बाला, डॉ. माया के साथ-साथ महाविद्यालय से काफी संख्या में प्राध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

कार्यक्रम खुद ही नहीं रहेंगे वो अगले चुनाव में जो लोग कह रहे हैं, सनातन न रहेगा : पद्मश्री डॉ. जोगी

महाराज अग्रसेन जयंती पर कवि सम्मेलन का आयोजन

पद्मश्री सुनील जोगी को सुनने पहुंची भीड़ तालियों और ठहाकों से गूंज उठा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रबंधु परिषद द्वारा बुधवार रात को हास्य कवि सम्मेलन ठहाके का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे अंतरराष्ट्रीय कवि पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी, राजेश चेतन, गौरव चौहान, दीपक सैनी एवं गौरी मिश्रा ने काव्य पाठ किया।

कवि राजेश चेतन ने बेटियों पर कविता पढ़ते हुए कहा कि "सारा जीवन बेटों से जब डरना है, सत्ता बेटों को ही देकर मरना है, संस्कार जब बेटी भी कर सकती है, तब काहे को बेटा बेटा करना है।" कवि गौरव चौहान ने भारत को इंडिया कहने वालों पर कहा कि "पृथ्वी राणा वीर शिवा की अमिट विरासत वाले हैं, तुम्हें मुबारक रहे इंडिया, हम तो भारत वाले हैं।" पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी ने कहा कि कहा कि "खुद ही नहीं रहेंगे वो अगले चुनाव में जो लोग कह रहे हैं, सनातन न रहेगा।" कवियत्री गौरी मिश्रा ने कहा कि "हिमालय से भी ऊंचा है ये स्वाभिमान हिंदू का, करो हर धर्म का आदर यही ऐलान हिंदू का, मगर दुनिया हमारा ये खुला फरमान भी सुन ले कि हिंदू राम का है और हिंदुस्तान हिंदू का।"

हांसी। मंच पर कवियों के साथ अपनी कविता पढ़ते पद्मश्री कवि डॉ सुनील जोगी व सम्मेलन में उमड़ी श्रोताओं की भीड़।

दीपक सैनी ने नेताओं की मिमिक्री की

वहीं कवि दीपक सैनी ने चुटकुलों एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, लोकसभा मे विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित काफी संख्या मे अन्य नेताओं की मिमिक्री कर दर्शकों को खूब हंसाया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, आयोजन समिति के संरक्षक कमलेश कुमार गर्ग, कार्यक्रम संयोजक मनमोहन तायल, सुशील गुप्ता, प्रवीण सिंगला, महिला प्रमुख वीना गर्ग, युवा प्रमुख गौरव भारतीय आयोजन समिति के सदस्य रजत अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता पवन गोयल, मनोज जैन एडवोकेट, अरूण आर्य, विजय बंसल, यश लोहिया, निशांत जिंदल, सोनू खांडा वाले, दिनेश गोयल, प्रतीक गोयल, यश लोहिया, भरपूर सिंगला, मिथुन बंसल, कपिल बंसल, गौरव बंसल आदि सदस्यों सहित हजारों की संख्या में श्रोता व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।